15 कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द(राज.) भीम
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक : न.पा.नाथ./म0बै0/22/9453 दिनांक : 24.02.2022

# —:बैठक कार्यवाही विवरण:—

नगरपालिका मण्डल नाथद्वारा की अतिआवश्यक बजट बैठक एजेण्डा अनुसार पालिका के वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट अनुमान चर्चा हेतु दिनांक 20.02.2022 को पालिका सभागार, सुखाडिया नगर में प्रातः 11:00 बजे माननीय विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक महोदय डॉ0 सी0पी0 जोशी सा0 के मुख्य आतिथ्य में पालिका अध्यक्ष श्री मनीष राठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 सी0पी0 जोशी सा0 | विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक महोदय |
| 2. | मनीष राठी | अध्यक्ष |
| 3. | श्याम लाल गुर्जर | उपाध्यक्ष |
| 4. | चुन्नीलाल माली | सदस्य |
| 5. | सुरेन्द्र सिंह दसाणा | सदस्य |
| 6. | आशीष सैनी | सदस्य |
| 7. | मनोरमा डाबी | सदस्य |
| 8. | यमुना पालीवाल | सदस्य |
| 9. | विनोद उपाध्याय | सदस्य |
| 10. | वन्दना पालीवाल | सदस्य |
| 11. | शीला गुर्जर | सदस्य |
| 12. | प्रमोद कुमार गुर्जर | सदस्य |
| 13. | नटवर लाल मीणा | सदस्य |
| 14. | रतनदास | सदस्य |
| 15. | लक्ष्मी देवी सांवरिया | सदस्य |
| 16. | कपिल यादव | सदस्य |
| 17. | सुरेश छापरवाल | सदस्य |
| 18. | परेश सोनी | सदस्य |
| 19. | विश्वास प्रजापत | सदस्य |
| 20. | कैलाश तंवर | सदस्य |
| 21. | रमेश राठौड | सदस्य |
| 22. | दिनेश एम. जोशी | सदस्य |
| 23. | गोपेश बागोरा | सदस्य |
| 24. | विनोद जैन | सदस्य |
| 25. | मोहम्मद शफी | सदस्य |
| 26. | प्रदीप काबरा | सदस्य |
| 27. | यशोदा देवी कुमावत | सदस्य |
| 28. | शेषनारायण माली | सदस्य |
| 29. | दिव्या गहलोत | सदस्य |
| 30. | कमलेश कुमावत | सदस्य |
| 31. | ललिता काबरा | सदस्य |
| 32. | ईश्वरलाल मीणा | सदस्य |
| 33. | शीतल पालीवाल | सदस्य |
| 34. | पूरण प्रकाश श्रीमाली | सदस्य |

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 36. | दामोदर सनाढ्य | सदस्य |
| 37. | आरीफ कुरैसी | सदस्य |
| 38. | भारती वर्मा | सदस्य |
| 39. | किशन मीणा | सदस्य |

कौरम पूरा होने पर पालिका आयुक्त श्री कौशल खटूमरा द्वारा समस्त सदस्यों को बैठक में स्वागत करते हुए पालिका अध्यक्ष महोदय से एजेण्डा अनुसार बैठक कार्यवाही प्रारम्भ करने की स्वीकृति चाही। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय की सहमति के पश्चात् वित्तीय वर्ष 2022–23 के प्रथम बैठक में सदस्यों का स्वागत करते हुए एजेण्डा बिन्दु अनुसार बैठक कार्यवाही शुरू करने हेतु निर्देश दिये।

1. **<u>बजट अनुमान वर्ष 2022–23 एवं बजट से संबंधित नवीन प्रस्तावों तथा कार्य योजनाओं पर चर्चा एवं अनुमोदन</u>** :– पालिका आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये शहरी जल प्रदाय योजना को शामिल करते हुये 99 करोड 15 लाख 16 हजार रूपये का आय–व्यय अनुमान तैयार किया गया है, जिसका विस्तृत विवरण पालिका कनिष्ठ लेखाकार श्री किशनलाल यादव को सदन के समक्ष पढकर सुनाने हेतु निर्देश दिये।

   सदस्य श्री विनोद उपाध्याय द्वारा एजेण्डा से चर्चा से पूर्व वार्ड समस्याओं के संबंध में प्रश्न किया जिस पर विधानसभा अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यों से बैठक एजेण्डा अनुसार चर्चा पूर्ण कर अन्य समस्याओं तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा करने हेतु कहा। तत्पश्चात् कनिष्ठ लेखाकार किशनलाल यादव द्वारा वर्ष 2022–23 के बजट अनुमान सदस्यों को पढ़कर वित्तीय वर्ष 2022–23 में पालिका द्वारा आय अर्जन तथा विकास कार्यों तथा अन्य कार्यों हेतु होने वाले व्ययों के संबंध में सदस्यों का बताया।

## <u>मदवार सारांश (राजस्व एवं पूंजीगत आय)</u>

**शहरी जल प्रदाय योजना को जोडते हुए बजट अनुमान कुल 99 करोड 15 लाख 16 हजार**

राशि लाखों में

| क0 सं0 | मुख्य लेखा शीर्ष का विवरण | लघु लेखा शीर्ष का विवरण | वास्तविक अंक गत वर्ष 2020–21 | चालु वर्ष 2021–22 | | | 2022–23 का प्रस्तावित बजट एवं नगर पालिका मण्डल द्वारा स्वीकृति अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | स्वीकृत बजट 2021–22 | वास्तविक आय 31.12.2021 तक | संशोधित बजट 2021–22 | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | राजस्व आय का मदवार विवरण | | | | | | |
| 1 | लेखाशीर्ष –110 | कर राजस्व (नगरीय विकास कर , सफाई कर) | 9.73 | 30.00 | 0.47 | 12.00 | 20.00 |
| 2 | लेखाशीर्ष –120 | निर्दिष्ट राजस्व एवं क्षतिपूर्ति (चुंगी क्षतिपूर्ति, फायर सेस ) | 325.91 | 360.00 | 266.70 | 385.00 | 410.00 |
| 3 | लेखाशीर्ष –130 | निकाय संपत्तियों के किराये से आय (पार्किंग से आय , दुकान किराया , मोबाइल टावर किराया ) | 4.33 | 112.00 | 16.78 | 35.00 | 70.00 |
| 4 | लेखाशीर्ष –140 | शुल्क एवं उपभोक्ता प्रभार (जल कनेक्शन , ठेकेदार पंजीयन, होटल बॉयलाज , भवन निर्माण अनुज्ञा ,प्रतिलिपि व अन्य प्रमाणपत्र शुल्क ,बाहय विकास शुल्क, आतंरिक विकास शुल्क,रोड कटिंग,कृषि भूमि नियमन, वणिज्यिक नियमन,दंड एवं शास्तियां,विज्ञापन शुल्क, सम्पति अंतरण शुल्क ,पट्टा भूमि वार्षिक प्रीमियम लीज | 465.75 | 1410.25 | 736.84 | 1036.25 | 996.50 |



अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ,सेप्टिक टैंक सफाई प्रभार, BSUP शेल्टर प्रभार अन्य ) | | | | | |
| 5 | लेखाशीर्ष –150 | विक्रय एवं भाड़ा प्रभार (खाद एवं कूड़े-कचरे का विक्रय मृत पशुओ का ठेका,आवासीय व वणिज्यिक भूमि विक्रय,मुख्यमंत्री जनआवास योजना प्रभार टेंडर फार्म बिक्री,रद्दी सामानों का विक्रय ) | 218.81 | 723.50 | 97.55 | 295.50 | 821.00 |
| 6 | लेखाशीर्ष –160 | राजस्व अनुदान , अंशदान एवं सहायता (सामान्य अनुदान ) | 8.75 | 15.00 | 6.30 | 10.00 | 10.00 |
| 7 | लेखाशीर्ष –171 | अर्जित ब्याज (निजी निक्षेप एवं बैंक खातों से प्राप्त) | 132.88 | 200.50 | 71.21 | 175.50 | 200.50 |
| 8 | लेखाशीर्ष –180 | अन्य आय (पी.एस.पी. आय , अन्य) | 109.26 | 142.50 | 91.70 | 129.50 | 146.50 |
| | राजस्व प्राप्ति का कुल योग :– | | **1275.41** | **2993.75** | **1287.55** | **2078.75** | **2674.50** |
| | पूंजीगत प्राप्तियां व दायित्व (आय) का विवरण | | | | | | |
| 1 | लेखाशीर्ष –320 | विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अनुदान (स्वच्छ भारत मिशन,NULM,विधायक निधि,सांसद निधि,14 FC ग्रांट,15 FC ग्रांट,DMFT ग्रांट,पंचम राज्य वित्त आयोग,7 सिवरेज,CM बजट घोषणा, शहरी पेयजल योजना,अन्य शासकीय संस्थाओ से प्राप्त अनुदान) | 2696.47 | 6382.50 | 1376.36 | 3703.50 | 4282.50 |
| 2 | लेखाशीर्ष –340 | प्राप्त निक्षेप (धरोहर निक्षेप,सुरक्षा निक्षेप,जल निक्षेप) | 276.17 | 146.50 | 276.07 | 352.50 | 352.50 |
| 3 | लेखाशीर्ष –350 | अन्य देयताएं (आयकर,खनिज कर,GST,सेस,अन्य ) | 276.31 | 330.00 | 252.10 | 418.25 | 444.80 |
| | पूंजीगत प्राप्तियां व दायित्व (आय) का मदवार योगः– | | **3248.94** | **6859.00** | **1904.52** | **3974.25** | **5079.80** |
| | राजस्व व पूंजीगत आय/प्राप्तियों का कुल योग :– | | **4524.36** | **9852.75** | **3192.07** | **6553.00** | **7754.30** |
| | **प्रारम्भिक शेष** | | **3661.57** | **4081.25** | **4495.11** | **4495.11** | **2160.86** |
| | **महायोग** | | **8185.93** | **13934.00** | **7687.18** | **11048.11** | **9915.16** |

## मदवार सारांश (राजस्व एवं पूंजीगत व्यय )

**शहरी जल प्रदाय योजना को जोडते हुए बजट अनुमान कुल 99 करोड 15 लाख 16 हजार**

राशि लाखों में

| क्र0 सं0 | मुख्य लेखा शीर्ष का विवरण | लघु लेखा शीर्ष का विवरण | वास्तविक अंक गत वर्ष 2020–21 | चालु वर्ष 2021–22 स्वीकृत बजट 2021–22 | चालु वर्ष 2021–22 वास्तविक आय 31.12. 2021 तक | चालु वर्ष 2021–22 संशोधित बजट 2021–22 | 2022–23 का प्रस्तावित बजट एंव नगर पालिका मण्डल द्वारा स्वीकृति अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

D: NTH OFFICE 2021 20-02-2022 bujet Proceeding nath.docx

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

| | राजस्व व्यय का मदवार विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखाशीर्ष –210 | स्थापना व्यय (वेतन एवं भत्ते अधिकारी एवं कर्मचारी, मजदूरी/सफाई ठेका,बोनस,मानदेय अध्यक्ष-पार्षद,सेवानिवृत्त लाभ) | 1073.97 | 1330.00 | 889.60 | 1562.50 | 1475.00 |
| 2 | लेखाशीर्ष –220 | प्रशासकीय व्यय (विद्युत व्यय,दूरभाष व्यय,डाक व्यय, पत्रिकाएँ, मुद्रण एवं लेखन सामग्री,यात्रा एवं परिवहन व्यय,बीमा व्यय,अंकेक्षण व्यय,विज्ञापन व्यय,आयोजन व्यय,अन्य प्रशासकीय व्यय ) | 86.78 | 235.30 | 165.01 | 308.75 | 323.00 |
| 3 | लेखाशीर्ष –221 | वाणीजिक संस्थान वाटर वर्क्स व्यय (विद्युत व्यय , वितरण प्रणाली मे सुधार , मरम्मत एवं रखरखाव,रासायनिक व्यय,बल्क वाटर सप्लाई) | 163.80 | 445.00 | 491.02 | 707.50 | 618.00 |
| 4 | लेखाशीर्ष –230 | परिचालन एवं संधारण व्यय (ईधन व्यय,विद्युत व पानी व्यय, मरम्मत एवं संधारण –अधोसंरचनात्मक संपतियां एवं जनसुविधा संपतियां, मरम्मत एवं संधारण वाहन ,कार्यालय उपकरण मरम्मत,कूड़ा कचरा सफाई संविदा, जानवरों के लिए चारा,पी.एस.पी.पनघट, घर –घर कचरा संग्रहण) | 183.40 | 533.00 | 132.47 | 406.50 | 472.00 |
| 5 | लेखाशीर्ष –250 | कार्यक्रम व्यय (संस्था के स्वयं के कार्यक्रम) | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 100.00 | 100.00 |
| 6 | लेखाशीर्ष –271 | विविध व्यय (कोविड–19) | 2.66 | 5.00 | 10.16 | 20.00 | 25.00 |
| | राजस्व व्यय का कुल योग :– | | **1510.62** | **2648.30** | **1688.25** | **3105.25** | **3013.0** |
| | पूंजीगत व्यय व सम्पति का मदवार विवरण | | | | | | |
| 1 | लेखाशीर्ष –410 | स्थायी संपतियां (उद्यान,कार्यालय भवन,सामुदायिक भवन,CM जनआवास योजना फ्लैट,सड़क एवं पुल,मॉल जल नालियां,शहरी पेयजल योजना अंतर्गत कार्य,बिजली लाइन वृद्धि,कार्यालयी उपकरण-सफाई वाहन क्रय) | 1368.52 | 2462.00 | 641.54 | 1649.50 | 1916.00 |
| 3 | लेखाशीर्ष –412 | प्रगति पर निर्माण कार्य (स्वच्छ भारत मिशन,NULM,विधायक निधि,सांसद निधि,14 FC ग्रांट,15 FC ग्रांट,DMFT ग्रांट,पंचम राज्य वित्त आयोग,7 सिवरेज,CM बजट घोषणा, शहरी पेयजल योजना,अन्य शासकीय संस्थाओ से प्राप्त अनुदान राशी के तहत विकास कार्य) | 518.90 | 5455.00 | 1142.77 | 3592.50 | 3867.50 |
| 4 | लेखाशीर्ष –432 | देनदारो हेतु संचित प्रावधान (आयकर,खनिज कर,GST,सेस,अन्य) | 122.02 | 320.00 | 161.20 | 300.00 | 370.00 |
| 5 | लेखाशीर्ष –460 | कर्मचारी भविष्य निधि अग्रिम | 3.59 | 0.00 | 7.56 | 40.00 | 30.00 |
| 6 | लेखाशीर्ष –470 | अन्य सिविल (अमानत एवं सुरक्षा राशी व्यय ) | 167.17 | 75.00 | 137.51 | 200.00 | 250.00 |
| | पूंजीगत व्यय व सम्पति का कुल योगः– | | **2180.20** | **8312.00** | **2090.58** | **5782.00** | **6433.50** |
| | राजस्व व सम्पति / पूंजीगत व्ययं का कुल योग :– | | **3690.82** | **10960.30** | **3778.83** | **8887.25** | **9446.50** |
| | बचत | | **4495.11** | **2973.70** | **3908.35** | **2160.86** | **468.66** |
| | महायोग | | **8185.93** | **13934.00** | **7687.18** | **11048.11** | **9915.16** |

D:\NTH OFFICE 2021\20-02-2022 bujet Proced... nath.docx

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

बजट वाचन के दौरान माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय द्वारा आय–व्यय अनुमान में विगत वर्ष से कमी के संबंध में कनिष्ठ लेखाकार से सदस्यों हेतु जानकारी चाहीं जिससे आधार पर तैयार किया गया हैं। जिस पर पालिका कनिष्ठ लेखाकार द्वारा डीएमएफटी फण्ड से वांछित अंशदान राशि कम प्राप्त होने तथा पालिका की भूखण्ड निलामी समय पर नहीं होने से राजस्व प्राप्ति कम होने से आगामी वर्षो में उक्त स्थिति का अनुमान रखते हुए संशोधित कर आगामी बजट अनुमान तैयार किये गये हैं जिस पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों से प्रस्तुत बजट को स्वीकृत कर आगामी छः माह पश्चात स्वीकृत बजट पर पुनः चर्चा हेतु संशोधित बजट बैठक बुलाये जाने को कहते हुए पालिका आयुक्त को माह नवम्बर 2022 में स्वीकृत बजट वर्ष 2022–23 के आय–व्यय अनुमानों पर प्राप्त राजस्व एवं पूंजीगत आय एवं उनके सापेक्ष राजस्व एवं पूंजीगत व्यय में यथोचित संशोधन वास्तविक आय–व्यय के आधार पर आवश्यक होने पर संशोधित बजट अनुमान वर्ष 2022–23 प्रस्तावित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। जिस पर बाद विचार सदस्यों द्वारा प्रस्तुत बजट 2022–23 को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। कार्यवाही विवरण के साथ संलग्न हस्ताक्षरसहित प्रतिलिपि को अंक अथवा लिपिकिय अथवा टाईपिग त्रुटि में अन्तिम माना जाये– इसके पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय नगर पालिका नाथद्वारा द्वारा बजट से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावित बिन्दुओ प्रस्तावो को सदन में संक्षिप्त में प्रस्तुत किया तथा मण्डल द्वारा यथाप्रस्तावित अनुमोदन तथा बजट स्वीकृति जारी कि गयी जिनका बिन्दुवार विवरण निम्मानुसार हैः–

1. भलावतो के खेडा में निर्माणधीन बाईपास तथा गौरव पथ पर सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु 120 वॉट के एल ई डी लाईटस की स्थापना हेतु तकनीकी स्वीकृति अनुसार प्रस्तुत तकमीना के आधार पर प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति प्रदान करना।

2. कार्यालय परिसर नगर पालिका नाथद्वारा में नवीन वी.सी कक्ष की स्थापना मय फर्नीचर एंव आवश्यक तकनीकी आधारभूत संचरना का निर्माण एंव होने वाले व्यय की प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति प्रदान करते हुए सूचना एंव प्रौघोगिकी विभाग के तकनीकी सहयोग आगामी 3 माह में स्थापना।

3. नगर पालिका नाथद्वारा द्वारा शहरी नागरिकों के स्वाथ्य हेतु माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय के आदेशा अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा वर्तमान में जारी चिरजीवी योजना हेतु विशेश कैम्पो का आयोजन मार्च माह में आयोजित किया जाना।

4. कार्यालय में आवश्यक विधुत व्यवस्था हेतु नवीन डी.जी सैट 45 केवीए की स्थापना हेतु आवश्यक प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति जारी करना।

5. अजमेर विधुत निगम लिमिटेड द्वारा नाथद्वारा नगर में आगामी चरणो में भूमिगम केबल कार्य जो कि नाथूवास आकडिया मगरी तथा मावली रोड के समीप स्थित निर्धन बस्तीयों तथा श्रीनाथ कॉलोनी आदि क्षेत्रो में निगम द्वारा डिपोजिट राशि से क्षतिग्रस्त सभी सडको का पुर्ननिर्माण एंव संधारण कार्य तथा उसी अनुरूप आवश्यकता अनुसार शहरी सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था हेतु स्वीकृत निविदा अनुसार कार्य की स्वीकृति।

6. पालिका के राजस्व आय हेतु आगामी माह में पालिका स्वामित्व की 120 फीट रोड पर स्थित पुरानी आईडीएसएमटी योजना तथा वाणिज्यिक योजना के 2019 में निलाम से बाकी रहे भूखण्डो को वरिश्ठ नगर नियोजक कार्यालय से प्राप्त तकनीकी राय अनुसार ई आक शन से सार्वजनिक निलामी किया जाना। तथा पूर्व में निलाम हुए भूखण्डो के प्रशासन शहरों के संग अभियान में प्राप्त आवेदन अनुसार बकाया राशि अथवा शास्ति का आकलन जारी नवीनतम दिशा निर्देशो अनुसार यदि कोई हो तो पूर्ण कर सम्पूर्ण देय राशि प्राप्ति की लेखारिर्पोट के पश्चात् जारी किया जाना।



अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

7. नगर पालिका के कार्यरत सभी स्तरो के राजकीय कर्मचारियो/अधिकारियों के लिये पालिका स्वामित्व के आवासीय परिसरों में पूर्व में वसूल किये जा रहे मासिक एक मुश्त शुल्क में जो वर्तमान दर जो कि समस्त आधारभूत सुविधाओ निर्धारित थी में समस्त देयता एकत्रित सभी प्रभार सहित में से वेतन स्लैब से कटौती की जाकर पूर्व दर में दस प्रतिशत 10/– प्रतिशत वृदि कि जाकर उनके वेतन से आवासीय परिसरों के उपलब्धता के अनुसार उनको देय वेतन में से कटौती कर पालिका मद में संगहण।

8. पालिका में पदस्थ समस्त अधिकारियो तथा कर्मचारियों को नियमानुसार देय यात्राा भत्ता के भुगतान हेतु दिनांक 9 जून 2017 से **Government of Rajasthan finance department rules division ORDER no. F-6 FD Rules/2012/Pt- jaipur dated 09-06-2017 ref: Amendment in the Rajasthan Travelling Allowance Rules, 1971** अनुसार अब तक भुगतान समस्त यात्राा तथा विश्राम भते का अुनमादेन तथा समक्ष अधिकारियों द्वारा उक्त आदेश के अध्ययीन पूर्ण सभी राजकीय यात्राओ का जो स्वंय के चौपहिया वाहनो से सम्पादित कि गयी हो का कार्यात्तर अनुमोदन तथा स्वीकृति के साथ भविष्य में यथाआदेशित रूप में सभी पालिका कर्मचारियो तथा पदस्थ अधिकारियों को स्वीकृति के साथ वित विभाग द्वारा उक्त आदेश को अक्षरत स्वीकार किया जाता है तथा लेखाकार को उपरोक्त अनुसार ही प्राप्त सभी यात्राा बिलो एंव राजकीय कर्मचारियों को देय राशि का भुगतान उक्त संशाधित आदेशअनुसार ही करने हेतु पाबन्द किया जाने की स्वीकृति तथा अनुमोदन।

9. नगर पालिका नाथद्वारा द्वारा जारी सभी वार्डवार निविदिाओं में कार्यगुणवता तथा वार्ड वासियों के सकिय सहयोग तथा प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने हेतु श्रीमान विधानसभा अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार सामाजिक अंकेक्षण को बैठक कार्यवाही जारी करने के साथ ही लागू किया जाना तथा पालिका आयुक्त द्वारा तद्अनुसार आदेश जारी की सभी अभियन्ताओं को उनको आंवटित वार्डो में प्रतिदिन प्रगतिरत कार्यो को सम्बन्धित पार्षद गणो की उपस्थिति में समुचित पर्यवेक्षण तथा भुगतान से पूर्व प्रमाणिकरण सामाजिक अंकेक्षण अनुसार प्राप्त कर ही भुगतान हेतु पत्रावली आहरण वितरण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाने की व्यवस्था लागू किया जाना।

10. **RUIDP PH IV TR.II** के अन्तर्गत प्रस्तावित तथा सी.एल.सी बैठक में स्वीकृत डी.पी.आर अनुसार नाथूवास व कोठाारिया बाईपासस लिक रोड के निमार्ण जिसकी तकरीबन लम्बाई कुल 4 कि.मी सम्मिलित रूप से सर्वे अुनसार जारी रोड एलाइन्टमेट के अनुसार प्रभावित भूमि के खातेदारो तथा स्वामित्व अुनसार रोड हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण प्रस्तावों मे डी.ए.सी दरों अुनसार आने वाले आर्थिक व्यय हेतु पालिका के सामान्य मद निजि आय से आहरित करने तथा होने वाले भूमि अधिग्रहण कार्य हेतु आावश्यक आर्थिक व्यय की स्वीकृति।

11. नगर पालिका नाथद्वारा द्वारा कार्यकारी एजेन्सी के रूप में निर्माणधीन राजकीय गोर्वधन स्कूल नाथद्वारा के प्रस्तावित भवन पर स्वीकृत डी.एमफ.टी से प्राप्त राशि के अतिरिक्त टी.पी राशि को पालिका मद से स्वीकृति जारी कर प्राप्त टी.पी राशि के भुगतान हेतु कोश व्यवस्था की स्वीकृति तथा अनुमोदन।

12. **मिराज स्वीज चैलेन्ज योजना (swiss challenge method MOU ) के अर्न्तगत जारी आईकॉनिक गेट के निर्माण व्यय के समपूरक व्यवहार के रूप में जारी एम ओ यू अनसार संशोधित भूमि जो कि अनुमोदन स्वीकृति आदेश पत्राांक एफ/55()/P.A/SE/DLB/13 नाथद्वारा/10589 दिनांक 20.10.2021 में प्रतिफल**

D:\NTH OFFICE 2021\20-02-2022 bujet Proceding nath.docx

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

व्यवहार में देय भूमि के खसरा परिवर्तन कर 120 फिट पर स्थित पालिका स्वामित्व की भूमि जो कि तद्पम उपवन के निर्माणधीन उधान के समीप स्थित है पर मिराज द्वारा प्रस्तुत मांग अनुसार उपलब्ध भूमि की संशाधित स्वीकृति तथा अुनमोदन प्रदान किया जाता है।

13. **DMFT** द्वारा स्वीकृत नगर में हरित क्षेत्र में मानव स्वाथ्य एंव अनुकुल पर्यटन संभावनाओं में वृद्वि के उद्देश्यों से प्रेरित इको ट्यूरिज्म अथवा थीम पार्क के प्रस्तावावित स्थल जो कि मिराज पाके के पीछे स्थित है के साथ पालिका के गिरधर सागर पर्यटन स्थल को मुख्य मार्ग से पहुँच मार्ग से जोडने हेतु तैयार एप्रोच रोड जो कि 18 मीटर चौडी तथा 700 मीटर के आस पास लम्बाई में प्रस्तावित है में पालिका में प्रस्तुत तथा पूर्व में स्वीकृत डी.पी.आर अनुसार उक्त एंप्रोच रोड के सर्वे अनुसार तथा राजस्व रिर्पोट अुनसार जारी प्रभावित निजि खातेदारों को प्रस्तावित सडक निर्माण कार्य हेतु राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69 के अन्तर्गत आपसी सहमति से भूमि अर्जन प्रस्ताव तहसीलदार नाथद्वारा द्वारा जारी भूमि रिर्पोट अनुसार प्रभावित खातेदारो एंव नगर पालिका के मध्य अनुबन्ध किया जाना तथा प्रभावित खातेदारो को उनके द्वारा सर्मपित भूमि के समपूरक व्यवहार में क्षतिपूर्ति के रूप में उनके द्वारा पालिका में प्रस्तुत कृषि भूमि रूपान्तरण अथवा कर्न्वजन प्रस्तावों में आकलित मांग राशि जो पालिका मद में प्राप्त होनी है में उक्त प्रभावित भूमि के सर्मपण मूल्य के बराबर राशि समपूरक व्यवहार के रूप में आकलित कर जोकि प्रचलित नवीनतम डी.एल.सी दरों अनुसार होगी इस प्रकार प्रस्तावित एप्रोच रोड से प्रभावित भूमि की गणना प्राप्त प्रमाणित राजस्व रिर्पोट एंव तहसीलदार नाथद्वारा से प्राप्त खसरा एंव क्षेत्रफल रिर्पोट अनुसार कनिष्ठ लेखाकार तथा सहायक अभियन्ता द्वारा कर समायोजन की स्वीकृति मण्डल स्तर पर प्रदान कर अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किया जाने का प्रस्ताव अनुमोदन किया जाता है।

14. पालिका क्षेत्र में कब्रिस्तान तथा श्मशान घाट के सुधार तथा निर्माण हेतु 64.00 लाख रूपये पालिका को प्राप्त टाइड/अनटाइट फण्ड से स्वीकृतिं ।

15. पालिका द्वारा माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हर घर शुद्व पेयजल उपलब्ध कराने की मुहिम में शहरी जल प्रदाय योजनान्तर्गत पालिका क्षेत्र के जोधेला ग्राम में पेयजल की समस्या को दूर करने तथा निवासरत् नागरिकों तथा नगर में स्थित राजकीय जनजाति महिला छात्राावास हेतु पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति प्रदान करना।

16. नगर पालिका नाथद्वारा के स्वामित्व की भूमि में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव राजकीय सामुदायिक भवन एंव पार्क के स्थापना हेतु प्रस्तुत तकमीना अनुसार प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति प्रदान करना।

17. चित्रकूट स्टेडियम की प्राप्त डी.पी.आर अनुसार उक्त कार्य की नगर में यूवाओं के खेल एंव स्वाथ्य के अनुकूल नवीन स्टेडियम एंव अन्य कार्यो की प्राप्त डी.पीआर अनुसार प्रशासनिक एंव वितिय स्वीकृति जारी करना।

18. पालिका अध्यक्ष हेतु पूर्व में आवंटित वाहन आरजे 30 यूए 1171 को कय किये गये 10 वर्ष से अधिक हो चुके हैं पूर्व में उक्त वहन 2–3 बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका हैं तथा पालिका द्वारा प्रति दो माह में उसकी जनरल सर्विस कर लाखों रूपये व्यय किये जा रहे हैं जिससे पालिका पर अनावश्यक बोझ पड रहा हैं। राज्य सरकार के



अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

परिपत्र दिनांक 15.02.2017 अनुसार पालिका अध्यक्ष हेतु बोलेरा व सियाज वाहन आरक्षित किये गये हैं परन्तु पालिका क्षेत्र की भोगोलिक स्थिति को देखते हुए पालिका अध्यक्ष द्वारा स्कॉर्पियों के नवीनतम मॉडल लिये जाने हेतु प्रस्ताव रखा हैं। अतः उक्त संबंध में पालिका अध्यक्ष हेतु नवीन स्कॉर्पियों वाहन क्रय किये जाने हेतु सदन की स्वीकृति ली जाकर निदेशालय को सक्षम स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाना हैं।

बाद विचार–विमर्श सदस्यों द्वारा पालिका अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त समस्त नवीन प्रस्तावों यथा बिन्दु संख्या 1 से 16 पर अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त प्रस्तावों पर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही कर नियमानुसार कार्य कराये जाने हेतु पालिका आयुक्त/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

2. <u>स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग द्वारा प्रस्तुत नगरपालिका नाथद्वारा के वर्ष 2018–2021 के लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन पर चर्चा</u> :– पालिका आयुक्त द्वारा सदस्यों को बताया गया कि स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग द्वारा वर्ष 2018 से 2021 तक के अभिलेखों का आशिक एंव त्रूटिपूर्ण अंकेक्षण किया गया है ना ही उक्त प्रतिवेदन पर पूर्ण चर्चा की गयी है इस प्रकार जिसकी समीक्षा उपरान्त प्रतिवेदन के अनुसार उक्त अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2018–21 के तहत् कुल 41 आक्षेपों का गठन किया गया हैं जिसके तहत् आवश्यक प्रक्रियात्मक कार्यवाही एवं 2 करोड़ 89 लाख 11 हजार 220 रूपये मात्र की वसूली दर्शायी गयी हैं जो कि भवन निर्माण अनुज्ञा, निर्माण कार्यों, भू–रूपाप्तरण संबंधी, राजस्व संबंधी व अन्य से संबंधित हैं इस सन्दर्भ में पालिका आयुक्त द्वारा सदन का ध्यान विशेश रूप से उक्त प्रतिवेदन के भाग 11 अ के बिन्दु 1 के अनुसार अन्तर राशि रू **66918790/**– पालिका लेखा संधारण में 2018 से आज तक मिलान नहीं हो पाया है जिस पर पालिका के रोकडपाल तथा लेखाकार को राजस्थान सिविल सेवा वर्गीकरण नियन्त्रण व अपील नियम 1958 के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही हेतु श्रीमान् उपनिदेशक महोदय के आदेशाअनुसार प्रस्तावित कर दी गयी है जो वर्तमान में विचारधीन है तथा उक्त कार्य के अन्तिम निस्तारण हेतु उक्त प्रकरण मय अंकेक्षण रिर्पोट मय बिन्दुवार टिप्पणी के साथ निदेशालय स्वायत शासन विभाग को वास्त आवश्यक कार्यवाही मय विशेश अंकेक्षण की कार्यवाही किये जाने की मांग के साथ भिजवाया जाना आवश्यक है जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितिता तथा लेखा प्रक्रियात्मक जवाबदेही की सुनिश्चिता की जा सके। इस पर सदन ने उक्त कार्यवाही राजस्थान नगर पालिका अधिनियिम 2009 के ततसम्बन्धित धाराओं अनुसार प्रकरण राज्य सरकार को प्रेशित करने का निर्णय सर्वसम्मति उक्तानुसार लिया गया। एंव उक्त अंकेक्षण तकनीकी रूप से पूर्ण अंकेक्षण नहीं किया जाने के कारण अतिरिक्त निदेशक स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग के प्रतिवेदन क्रमांक एफ/14/स्था.अंके/उदयपुर/संभाग/2018–21/08/4697 दिनांक 31.01.2022 को अस्वीकार करते हुए तकनीकी खामियो होने से पुनः अंकक्षण करवाने हेतु इस प्रतिवेदन को असहमति के साथ अतिरिक्त निदेशक स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर को पुन प्रकरण भेजे जाने की कार्यवाही हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिस हेतु बाद विचार उक्त संबंध में नियमानुसार कार्यवाही हेतु पालिका आयुक्त को अधिकृत किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

3. <u>रोकड पुस्तिका संधारण तथा प्रारम्भिक व अन्तिम शेष के प्रतिवेदन एवं स्थिति पर चर्चा</u> :– पालिका आयुक्त द्वारा बताया गया कि गत बैठक दिनांक 10.07.2021 में पालिका में रोकड पंजिकाओं के संधारण नहीं होने के संबंध में सदस्य को अवगत कराया गया था। पालिका में कार्यरत वर्तमान रोकडपाल तथा कनिष्ठ लेखाकार द्वारा आज दिनांक तक पूर्ण समायोजन कर उच्च लेखाधिकारियों तथा निदेशालय को उक्त अनियमितता के सन्दर्भ मे ठोस कार्यवाही कर पूर्व आहरण वितरण अधिकारियो से उक्त रोकड पुस्तिका का मिलान नहीं कर प्रमाणिकरण का अभाव पाया गया है तथा इस सन्दर्भ में वर्तमान आयुक्त द्वारा 10 जून 2020 को कार्यभार ग्रहण करते समय किसी प्रकार का रिकॅार्ड श्री किशन यादव लेखा प्रभारी लेखाकर तथा रोकडपाल श्री योगेश शर्मा द्वारा प्रस्तुत नही करने पर आवश्यक नोटिस जारी कर दियें गये थें तथा इस सर्न्दभ में श्रीमान् उपनिदेशक महोदय के द्वारा सम्बन्धितो को राजस्थान सिविल सेवा वर्गीकरण नियन्त्रण व अपील नियम 1958



अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही हेतु श्रीमान् उपनिदेशक महोदय के आदेशाअनुसार प्रस्तावित कर दी गयी है जो वर्तमान में विचारधीन है। आयुक्त नगर पालिका द्वारा सदन को बताया चूकि वर्तमान में उनके पास आयुक्त नगर पालिका नाथद्वारा का कार्यभार है तथा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के लेखा प्रावधानो तथा लेखाकन धाराओं के अनुसार उक्त प्रकरण तथा वस्तुस्थिति पर सदन तथा राज्य सरकार का ध्यान आकर्शित किया जाना नियमानुसार आवश्यक होने से तथा आज दिनांक तक समस्त लेखा व्यवहारो को पूर्ण कर सम्पूर्ण अनियमितता का समाधान यथाा वसूली आदि की कार्य वाही पूर्ण करने के लिये तथा समस्त समायोजन एंव प्रविश्टियों के मिलान तक तथा अन्तिम आयुक्त वर्श 2017 से आज दिनांक तक समस्त लेखा प्रविश्टियों के अंकन तथा रोकडपाल तथा कनिश्ठ लेखाकर के हस्ताक्षर से प्रमाणित कर पूर्व के समस्त आहरण वितरण अधिकारी यथा समस्त कार्यरत आयुक्त से अन्तिम मिलान प्रमाणिकरण करते हुए वर्तमान आयुक्त के कार्यकाल 10 जून 2020 तक प्रस्तुत कर उसका सक्षम अंकक्षण करने के पश्चात ही आगामी बैठक से पूर्व सदन में प्रस्तुत किये जाने की पूर्ण जवाबदेही सुनिश्चित किया जाना प्रस्तावित है जिस पर सदन ने उक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण कर प्रस्तुत करने हेतु श्री किशन यादव कनिश्ठ लेखाकार तथा श्री योगेश रोकडपांल की व्यक्तिगत जवाबदेही तय करते हुए प्रकरण का लेखा नियमों अनुसार समाधान कर प्रकरण राज्य सरकार के ध्यान में लाये जाने का निर्णय का अनुमोदन एंव स्वीकृत कर इस सन्र्दभ में आगामी कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर पालिका नाथद्वारा को अधिकृत करने तथा **आयुक्त नगर पालिका नाथद्वारा द्वारा प्रस्तुत समाधान तथ्य कि पृथक रोकडपुस्तिका दिनांक 10 जून 2020 से आज दिनांक तक की संधारण दिनांक 30 मार्च 2022 से पूर्व करने हेतु कनिश्ठ लेखााकर तथा रोकडपाल को संयुक्त रूप जिम्मेदारी देने के प्रस्ताव का भी निर्णय सर्वसम्मति से लेते हुए प्रस्तावो को अनुमोदित किया गया तथा सम्पूर्ण कार्यवाही की पालना रिर्पोट आगामी साधारण सभा की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।**

बजट में अन्तिम चर्चा एंव विचार विर्मश के अर्न्तगत सदस्य श्री विनोद उपाध्याय द्वारा वार्डो मे चल रहे विकास कार्य की प्रभावी निरीक्षण किये जाने तथा उनके वार्ड में नालियों पर अनाधिकृत निर्माण किये जाने पर कार्यवाही किये जाने की मांग की। सदस्य श्री परेश सोनी द्वारा डीएमएफटी मद से प्राप्त होने वाली राशि के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर प्राप्त होने वाली राशि को शीघ्र पालिका राजस्व में प्राप्त कर लंबित विकास कार्यो को शीघ्र कराये जाने की मांग की। सदस्य श्री सुरेन्द्र सिंह तथा विनोद उपाध्याय द्वारा चित्रकुट स्टेडियम में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कर नगर में पालिका के एकमात्र स्टेडियम की सुरक्षा हेतु मांग की।

सदस्य श्री विश्वास प्रजापत द्वारा डीएमएफटी फण्ड से वार्डो में होने वाले विकास कार्यो को शीघ्र कराने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की। सदस्य श्री विनोद उपाध्याय, विश्वास प्रजापत द्वारा पालिका में पक्ष तथा विपक्ष के सभी सदस्यों के पालिका में आने पर एक जगह बैठकर चर्चा किये जाने के लिए स्थान आरक्षित करने की मांग की। सदस्य श्रीमती यशोदा देवी कुमावत द्वारा वार्डो यथा 28 में सकडी गलियों के कारण आवागमन में समस्या होने से संबंधितों से वार्ता कर मार्ग चौडा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की, साथ ही शहरी रोशनी व्यवस्था में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु कार्यवाही किये जाने की मांग की। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष महोदय द्वारा पालिका आयुक्त को आवागमन की समस्या हेतु संबंधित से वार्ता कर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने तथा पालिका क्षेत्र में सफाई व रोशनी व्यवस्था हेतु टीम बनायी जाकर शिकायत केन्द्र स्थापना कर शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु प्रभावी निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिये।

सदस्य श्री आशीष सैनी द्वारा पालिका क्षेत्र में सीवरेज लाईन बिछाये जाने के बाद हाउस कनेक्शन किये जाने के दौरान सड़कों पर खड्डें हो जाने पर सडको की मरम्मत किये जाने की मांग की जिस पर पालिका अध्यक्ष द्वारा समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। सदस्य श्री पुरण श्रीमाली द्वारा पालिका क्षेत्र की धर्मनगरी के रूप में पहचान होने से पालिका क्षेत्र में संचालित मांस–मदीरा की दुकानों बंद करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। सदस्य श्री मोहम्मद शफी द्वारा हाईस्कुल के सामने बनने वाली रोड के साथ–साथ पूर्व निर्मित नाले के स्थान पर नवीन नाला बनाये जाने की मांग की।

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा



Scanned with CamScanner

उक्त चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री प्रदीप काबरा द्वारा गांधी पार्क पर मोबाईल टॉवर को हटाने तथा गांधी पार्क के गेट को खुलवाने तथा गांधी पार्क में सौन्दर्यकरण कराये जाने की मांग की इस पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय ने आयुक्त नगर पालिका उक्त प्रस्ताव अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करते हुए राहत प्रदान करने तथा आम जन की सुविधा हेतु पार्क के उपयोग को निर्बाध आवागमन तथा सुरक्षा हेतु एक होमगार्ड तथा अन्य व्यवस्थाओं को करने हेतु आदेशित किया तथा साभी सदस्यों के दिन प्रतिदिन के पालिका सम्बन्धित कार्यो हेतु एंव उपभोक्ता सेवा केन्द्र की गठन की आवश्यकता पर बल देकर उक्ता व्यवस्था हेतु आयुक्त नगर पालिका एंव अध्यक्ष नगर पालिका को पाबन्द किया जिससे आम नागरिको के समस्या समाधान हेतु समुचित मंच प्राप्त हो सके तथा समस्या समाधान के बाद सम्बन्धित सदस्यों तथा आमजन को सूचना प्रदान करने को कार्य भी व्यवस्थिंत रूप से हो सके इस पर अध्यक्ष नगर पालिका तथा आयुक्त नगर पालिका द्वारा उपरोक्त आदेश अनुसार अतिशीध्र कार्यवाही करने का विश्वास सदन को दिलाया गया।

तत्पश्चात् मण्डल बैठक सधन्यवाद समाप्त की घोषणा अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई।

(मनीष राठी)
अध्यक्ष
नगरपालिका नाथद्वारा
अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

(कौशल कुमार खटूमरा)
आयुक्त
नगरपालिका नाथद्वारा
आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

कमांक / न.पा.नाथ. / म0बै0 / 22 / दिनांक : 24.02.2022

प्रतिलिपी सूचनार्थ :- 9454- 9462

1. माननीय डॉ0 सी0पी0 जोशी साहब, विधासभा अध्यक्ष एवं क्षैत्रीय विधायक महोदय, नाथद्वारा।
2. श्रीमान् निदेशक एंव संयुक्त शासन सचिव महोदय स्वायत शासन विभाग जयपुर।
3. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, राजसमन्द।
4. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नाथद्वारा।
5. श्रीमान् उपाध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नाथद्वारा।
6. श्रीमान् उप निदेशक महोदय (क्षैत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, उदयपुर।
7. श्री / श्रीमती पार्षद ........................................................ वार्ड न0 ...............नगरपालिका नाथद्वारा।
8. समस्त शाखा प्रभारी, / कर्मचारीगण नगरपालिका नाथद्वारा को वास्ते पालनार्थ।
9. सुरक्षित पत्रावली।

अध्यक्ष
नगरपालिका, नाथद्वारा

आयुक्त
नगरपालिका नाथद्वारा
आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

D: NTH OFFICE 2021 20-02-2022 bujet Proceding nath.docx

Scanned with CamScanner